## महाराष्ट्र में महायुति ने विधान परिषद की 17 में से 16 सीटें जीतीं

**मुंबई, एजेंसी।**

महाराष्ट्र विधान परिषद चुनावों में सत्ताधारी महायुति गठबंधन ने ज़बरदस्त जीत दर्ज की है। सोमवार को घोषित नतीजों में गठबंधन ने 17 में से 16 सीटों पर जीत दर्ज की जबकि विपक्षी महा विकास अघाड़ी एक भी सीट नहीं जीत सकी। विधान परिषद के 17 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए चुनाव 18 जून को हुए।

मतदान से पहले ही महायुति को बढ़त मिल गई थी क्योंकि उसके छह उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए थे। भारतीय जनता पार्टी को सबसे ज़्यादा फ़ायदा हुआ और उसने 11 सीटें जीतीं। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना ने तीन सीटें जीतीं जबकि उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने दो सीटें जीतीं।

यह नतीजा उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) के लिए राजनीतिक चुनौतियों के बीच आया है जिसे हाल ही में अंदरूनी उथल-पुथल का सामना करना पड़ा है। निर्विरोध चुने गए उम्मीदवारों में ठाणे से रवींद्र फाटक और यवतमाल से दुष्यंत चतुर्वेदी (शिवसेना), रायगढ़-रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग से अनिकेत तटकरे और पुणे से विक्रम काकड़े (राकांपा), और वर्धा-चंद्रपुर-गढ़चिरौली से अरुण लखानी और अहिल्यानगर से प्राजक्त तनपुरे (भाजपा) शामिल हैं।

# बंगाल में बजट में अवसंरचना विकास और सामाजिक कल्याण पर जोर

### शुभेंदु अधिकारी अधिकारी ने बताया सोनार बंगाल की दिशा में ऐतिहासिक कदम

**कोलकाता, एजेंसी।**

पश्चिम बंगाल की नव निर्वाचित शुभेंदु अधिकारी सरकार ने सोमवार को राज्य विधानसभा में अवसंरचना विकास और सामाजिक कल्याण पर केंद्रित वित्त वर्ष 2026-27 का पहला पूर्ण बजट प्रस्तुत किया है, जिसे श्री अधिकारी ने सोनार बंगाल की दिशा में पहला ऐतिहासिक कदम बताया है। बजट में अवसंरचना क्षेत्र के विकास, सामाजिक कल्याण, युवाओं, महिलाओं, लघु उद्योगों के लिए अवसर बढ़ाने के प्रावधानों के साथ-साथ उच्च शिक्षा और खेल-कूद की अवसंरचना पर विशेष ध्यान दिया गया है। बजट में एक लाख सरकारी नौकरियों की घोषणा की गयी हैं, जिसमें एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जाएंगी। बजट में राज्य सरकार के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी को गयी हैं।

वित्त मंत्री डॉ. स्वप्न दास गुप्ता के इस पहले बजट में कुल 4.38 लाख करोड़ रुपये के व्यय का प्रावधान है। बजट में एक लाख युवाओं को सरकार नौकरी देने का वादा किया गया है, जिसमें एक तिहाई नौकरियां महिलाओं के लिए रखी जाएंगी। राज्य में औद्योगिक प्रोत्साहन के लिए पांच हजार करोड़



रुपये खर्च किये जाएंगे और इसमें रोजगार परख उद्योगों को प्राथमिकता दी जायेगी। बजट में कोलकाता में एक नया हवाई अड्डा विकसित करने, पूर्वी मिदनापुर जिले में दादन पत्रबार में गहरे समुद्र वाला एक नया बंदरगाह विकसित करने, उत्तर बंगाल में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) खोलने, दुर्गापुर, आसनसोल में मेट्रो रेल सेवा के लिए सर्वे कराने और दूर्गापुर में एक सेमीकंडक्टर की स्थापना की घोषणा की गयी है।

कोलकाता में नये हवाई अड्डा के लिए कल्यानी के नजदीक एक हजार से डेढ़ हजार एकड़ जमीन की भी राज्य सरकार व्यवस्था करायेगी। वित्त मंत्री ने हर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में एक -एक लघु खेल स्टेडियम बनाने का ऐलान किया है तथा पुराने रवींद्र सरोवर स्टेडियम समेत क्रीड़ांगनों के नवीनीकरण के लिए डेढ़ सौ करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। बजट में महिला एवं बाल विकास तथा सामाजिक कल्याण के लिए कुल मिलाकर 52300 करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान है। उसके बाद पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास के लिए 53836 करोड़ रुपये तथा शिक्षा क्षेत्र के लिए 44948 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।

बजट में अन्नपूर्णा योजना के लिए 36000 करोड़ रुपये, बसों में महिलाओं को मुफ्त यात्रा के लिए 550 करोड़ रुपये राज्य सहायता तथा प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 30000 करोड़ रुपये की एक बार सहायता प्रदान की जाएगी।

## भाजपा की विचारधारा पंजाब में स्वीकार नहीं होगी: कंग

**चंडीगढ़, एजेंसी।**





पंजाब विधानसभा चुनाव 2027 से पहले भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच बयानबाजी का दौर तेज हो गया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के पंजाब दौरे को लेकर आम आदमी पार्टी से सांसद मलविंदर सिंह कंग ने दावा किया कि भाजपा की दाल पंजाब में नहीं गलने वाली है। पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने मोर्चा संभाल लिया है। वह भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ मुलाकात कर रहे हैं। उन्होंने सोमवार को 'युवा संवाद' कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

भाजपा प्रमुख ने कहा कि पंजाब के युवाओं में ऊर्जा, नवाचार और आगे बढ़ने का संकल्प स्पष्ट रूप से देखने को मिला, जो विकसित पंजाब के निर्माण की मजबूत आधारशिला है। पीएम मोदी के नेतृत्व में युवा शक्ति देश को आत्मनिर्भरता और विकास के नए आयामों की ओर अग्रसर कर रही है। नितिन नवीन के पंजाब दौरे को लेकर आम आदमी पार्टी से सांसद मलविंदर सिंह कंग ने तंज कसा। उन्होंने कहा कि भाजपा की नफरती सोच यहां पर सफल नहीं होगी। आप सांसद ने बातचीत में कहा कि भाजपा की राजनीति धर्म के आधार पर बांटने की है। वह आपसी भाईचारे में नफरत फैलाना ही चाहती है। उन्होंने कहा कि नितिन नवीन भाजपा के प्रमुख हैं। हमें उम्मीद थी कि वे अपने दौरे के दौरान पंजाब के लिए स्पेशल पैकेज की बात करेंगे, किसानों की बात करेंगे और उनके अधिकार की बात करेंगे, लेकिन वह तो सिर्फ आम आदमी पार्टी को कोसते हुए ही नजर आए हैं।

उन्होंने दावा किया कि आज की भाजपा का कांग्रेसीकरण हो चुका है और जिस विचारधारा के साथ वह पंजाब आ रहे हैं, पंजाबी स्वीकार नहीं करेंगे। आप सांसद ने भाजपा नेताओं के बयान पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि जनता ने मान सरकार को पांच साल के लिए बहुमत दिया। हमने सारी गारंटी पूरी की है। एक हजार वाली गारंटी एक जुलाई से लागू हो जाएगी।

हमारी सरकार जब सारी गारंटी पूरी करेगी तभी जनता के बीच जाएगी। पंजाब के लोगों की बेहतरी के लिए हम लोग काम करते हैं और आगे भी करते रहेंगे। पंजाब सरकार महिलाओं के खाते में एक जुलाई से सहायता राशि देने वाली है।

## विपक्ष ने बंगाल के बजट को दिशाहीन बताया

**कोलकाता,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल सरकार के बजट की विपक्षी पार्टियों ने कड़ी आलोचना की है। नेताओं ने सरकार के विकास के दावों, औद्योगिक नीति और रोज़गार के वादों पर सवाल उठाए हैं। अल्पसंख्यक मामलों के विभाग के लिए बजट आवंटन में कटौती एक बड़ा मुद्दा बन गया है। विपक्षी नेताओं का आरोप है कि यह कदम सरकार के समावेशी विकास के वादे के खिलाफ है। विधानसभा में आलोचना की अगुवाई करते हुए तृणमूल कांग्रेस के मुख्य सचेतक अखरुज़्ज़मान ने सत्ताधारी पार्टी के नारे 'सबका साथ, सबका विकास' पर निशाना साधा और अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव का आरोप लगाया।

## मस्जिदों और मदरसों के विध्वंस के खिलाफ राष्ट्रव्यापी आंदोलन करेगा एआईएमपीएलबी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

अखिल भारतीय मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) ने सोमवार को मुसलमानों के सामाजिक और राजनीतिक हाशिए पर धकेले जाने और मस्जिदों और मदरसों के विध्वंस के खिलाफ राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरू करने का फैसला किया। बोर्ड की कार्यकारी समिति ने लोकतंत्र-प्रेमी और शांतिप्रिय समाज के वर्गों के साथ समन्वय स्थापित करने के लिए एक कार्य समिति का गठन किया है। इस आंदोलन का उद्देश्य 'घृणा और शत्रुता को बढ़ावा देने, सांप्रदायिक सद्भाव को नुकसान पहुंचाने, मुसलमानों के जीवन, संपत्ति, सम्मान और गरिमा पर हमलों' को उजागर करना है। बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह बात सामने आई कि यूएनआईसीसी का जबरन कार्यान्वयन भारत के संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता के विपरीत है। कार्यकारी समिति ने भाजपा शासित राज्यों में समान नागरिक संहिता के नाम पर चल रहे विधायी प्रयासों पर भी चिंता व्यक्त की।

बैठक में यह बात सामने आई कि उत्तराखंड और गुजरात के बाद अब असम, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में भी यूसीसी (वंदे मातरम) लागू करने की तैयारियां चल रही हैं। कार्यकारी समिति ने संकल्प लिया कि जिस प्रकार बोर्ड ने उत्तराखंड सरकार के यूसीसी कानून को नैनीताल उच्च न्यायालय में चुनौती दी है।

### एक नजर

## असम में बहुभाषी नवाचार के बढ़ावा के लिए एमओयू

**नई दिल्ली,एजेंसी।** डिजिटल इंडिया भाषिणी प्रभाग (डीआईबीडी) और असम इनोवेशन एंड स्टार्टअप फाउंडेशन (एआईएसएफ) ने असम में भाषा प्रौद्योगिकी, जनरेटिव एआई आधारित समाधान तथा बहुभाषी डिजिटल सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सोमवार को इस आशय की जानकारी देती है बताया कि साझेदारी का उद्देश्य स्थानीय भाषाओं के जरिए डिजिटल सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने के साथ-साथ राज्य के स्टार्टअप और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना है। इसके तहत दोनों संस्थान भाषा प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, उद्यमिता, क्षमता विकास और बहुभाषी डिजिटल समाधानों के क्षेत्र में सहयोग करेंगे। समझौते के तहत 'भाषिणी राज्यम' पहल के अंतर्गत भाषिणी के अनुवाद एपीआई को विभिन्न सरकारी और डिजिटल मंचों से जोड़ा जायेगा तथा असमिया सहित अन्य स्थानीय भाषाओं में अनुवाद सेवाओं को बेहतर बनाया जायेगा।

## भाजपा ने पंचायत स्तर पर गठित गारंटी समितियों पर सवाल उठाया

**बेंगलुरु,एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर प्रहार करते हुए ग्राम पंचायत स्तर पर नवनिठित 'गारंटी समितियों' के गठन और कामकाज में अनियमितताओं का आरोप लगाया। विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक ने दावा किया कि इन समितियों का उपयोग नागरिकों की सेवा करने के बजाय सार्वजनिक धन की कीमत पर असंतुष्ट पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को खुश करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि इन निकायों का गठन जन कल्याण के लिए किया गया था या ये 'राजनीतिक संरक्षण के केंद्र' बन गये हैं। अशोक ने राज्य प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि धन की कमी के कारण विकास कार्य ठप हो गए हैं, सरकारी स्कूलों में पाठ्यपुस्तकों और वर्दियों की कमी है तथा कक्षाओं की मरम्मत और छात्रों के लिए पोषण सहायता जैसे बुनियादी ढांचे प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने रागी किसानों के लिए लंबित समर्थन मूल्य भुगतान पर भी चिंता व्यक्त की और आरोप लगाया कि किसानों को बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

## कुमारस्वामी ने कर्नाटक की टाउनशिप प्रक्रिया पर उठाए सवाल

**बेंगलुरु, एजेंसी।**



कर्नाटक की ज़मीन से जुड़ी राजनीति एक बार फिर गरमा गई है जिसमें केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने विधानसभा की पुरानी बहसों का ज़िक्र करते हुए राज्य सरकार पर बिदादी स्मार्ट टाउनशिप परियोजना के मामले में एक समानांतर व्यवस्था चलाने का आरोप लगाया है। कुमारस्वामी ने टाउनशिप से जुड़े फ़ैसले लेने की प्रक्रिया को अनौपचारिक बताया और आरोप लगाया कि ज़मीन की अधिसूचना से जुड़े अहम प्रशासनिक कदम उपायुक्त के दफ्तर के ज़रिए नहीं, बल्कि सरकार के तय ढांचे से बाहर के अनौपचारिक तरीकों से उठाए जा रहे हैं।

उन्होंने ज़मीन अधिग्रहण और विकास से जुड़ी अधिसूचना जारी करने और उन्हें लागू करने के तरीके में पूरी पारदर्शिता की मांग की। पूर्व मुख्यमंत्री ने 2007 की राजनीतिक घटनाओं की भी याद दिलाई और विधानसभा की कार्यवाही का ज़िक्र किया, जिसमें तत्कालीन विपक्षी नेताओं श्री सिद्दारमैया और श्री डीके शिवकुमार ने टाउनशिप और ज़मीन के इस्तेमाल में बदलाव के प्रस्तावों का ज़ोरदार विरोध किया था।

## अमित शाह 'नाफेड' के नीलामी पोर्टल 'नेफेक्स इन' का शुभारंभ करेंगे

**नई दिल्ली,एजेंसी।** केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह मंगलवार को यहां अटल अक्षय ऊर्जा भवन में भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ 'नाफेड' के नीलामी पोर्टल 'नेफेक्स इन' का शुभारंभ करेंगे।

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर नाफेड के अध्यक्ष जेठाभाई अहीर, प्रबंध निदेशक दीपक अग्रवाल और वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम के दौरान श्री शाह नाफेड की कई महत्वपूर्ण डिजिटल और किसान-केंद्रित पहलों का शुभारंभ करेंगे।



सोमवार शाम को कर्तव्य पथ का एक मनमोहक दृश्य। (फोटोः दिव्यांशु अग्रवाल)

## भगवान राम के नाम पर राजनीति और धन का दुरुपयोग हो रहा: दुबे

**मुंबई, एजेंसी।**





शिवसेना (यूबीटी) के प्रवक्ता आनंद दुबे ने राम मंदिर के लिए मिली दान राशि के कथित दुरुपयोग और प्रबंधन को लेकर केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा।

उन्होंने आरोप लगाया कि करोड़ों श्रद्धालु अपनी मेहनत की कमाई भगवान राम के नाम पर विश्वास के साथ दान करते हैं कि यह धन समाज कल्याण और जनसेवा के कार्यों में लगाया जाएगा, लेकिन इसके उलट धन के दुरुपयोग और अनियमितताओं के आरोप सामने आ रहे हैं। आनंद दुबे ने सोमवार कहा कि महाकुंभ 2025 के दौरान और उसके बाद देशभर से श्रद्धालुओं ने भगवान राम के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए करोड़ों रुपए का दान दिया।

आम लोग यह सोचकर योगदान करते हैं कि इस धन का उपयोग अस्पताल बनाने, स्कूल खोलने, गरीबों को भोजन उपलब्ध कराने और समाज के वंचित वर्गों की सहायता करने जैसे कार्यों में होगा, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में दान राशि के प्रबंधन को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मंदिर से जुड़े धन के गलत प्रबंधन और कथित दुरुपयोग की चर्चाएं लगातार सामने आ रही हैं, लेकिन इस मामले में जवाबदेही तय होती नहीं दिख रही। दुबे ने कहा कि जब सवाल उठाए जा रहे हैं तब मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय की ओर से कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया जा रहा है।

जांच प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए शिवसेना (यूबीटी) प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि जिन लोगों पर आरोप लग रहे हैं और जो जांच एजेंसियों से जुड़े हैं, दोनों का संबंध सत्ता पक्ष से होने के कारण निष्पक्ष जांच की उम्मीद कम दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि यदि यही मामला किसी गैर-भाजपा सरकार के कार्यकाल में सामने आया होता तो अब तक संबंधित लोग गिरफ्तार हो चुके होते।

सरकार की नाक के नीचे इतना बड़ा कथित घोटाला सामने आने के बावजूद जवाबदेही तय नहीं हो रही है। भगवान राम के नाम पर राजनीति की जा रही है और इस मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

## सैलजा ने किसानों को राहत देने की मांग की

**चंडीगढ़,एजेंसी।** हरियाणा में सिरसा लोकसभा क्षेत्र से सांसद कुमारी सैलजा ने राज्य में यूरिया और डीएपी की कमी को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि किसानों को खाद के लिए लंबी कतारों में लगना पड़ रहा है। उन्होंने सोमवार को यहां एक बयान में कहा कि हर बिजाई सीजन में किसानों को खाद के लिए लंबी कतारों में लगना पड़ता है, जबकि सरकार पोर्टल और सत्यापन की प्रक्रिया में उलझी है। कुमारी सैलजा ने कहा, 'मेरी फसल-मेरा ब्यौरा' में सरकार के पास किसानों की जमीन और फसल का पूरा रिकॉर्ड है। इसके बावजूद किसानों को जरूरत के हिसाब से समय पर खाद नहीं मिल रही।

## महाराष्ट्र सरकार ने विस में 97,700 करोड़ रुपये से अधिक की पूरक मांगें कीं पेश

**मुंबई, एजेंसी।**

महाराष्ट्र सरकार ने सोमवार को विधानसभा में कुल 97,706 करोड़ रुपये की पूरक मांगें पेश कीं। विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को वित्तपोषित करने के उद्देश्य से पेश किए गए इस भारी-भरकम परिव्यय ने राज्य के वित्तीय प्रबंधन की ओर सबका ध्यान आकर्षित किया है।

राज्य के वित्त विभाग ने शुरुआती वार्षिक बजट आवंटन के अलावा अन्य खर्चों को पूरा करने के लिए इन पूरक मांगों को प्रस्तुत किया है। अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त) ओ. पी. गुप्ता द्वारा हस्ताक्षरित व्याख्यात्मक ज्ञापन के अनुसार, यह धनराशि चालू वित्तीय वर्ष के लिए तत्काल लोक निर्माण, नई सेवा परियोजनाओं के कार्यान्वयन और प्रशासनिक लागतों को पूरा करने के लिए निर्धारित की गई है।

इन आवंटनों में राजस्व खाता और पूंजीगत खाता शामिल है। राजस्व खाते के तहत लगभग 69,601.53 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जबकि पूंजीगत खाते के तहत विकास कार्यों और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए लगभग 28,104.86 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए गए है।

सरकार ने कहा है कि जारी विकास परियोजनाओं की गति को बनाए रखने और 'लाडकी बहिन' योजना तथा किसानों की कर्जमाफी जैसी कल्याणकारी पहलों के लिए तत्काल वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ये प्रावधान आवश्यक हैं।

**श्रद्धा** उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने की शांति और समृद्धि की प्रार्थना, देश-विदेश से भारी संख्या में मंदिर पहुंचे कश्मीरी पंडित

# ज्येष्ठाष्टमी के मौके पर मां खीर भवानी के मंदिर पर हजारों श्रद्धालुओं ने टेका मत्था

**सतीश वर्मा**

**श्रीनगर/जम्मू, मेट्रो मीडिया।** आज जयेष्ठाषमी के मौके पर गांदरबल के तुलमुल्ला स्थित मां खीर भवानी मंदिर के वार्षिक मेले के मौके पर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से लेकर प्रदेश की कई बड़ी सियासी हस्तियों ने मंदिर पहुंचकर मां खीर भवानी के समक्ष मत्था टेका और जम्मू कश्मीर में अमन और खुशहाली की प्रार्थनाएं कीं।

मालूम हो कि इस मंदिर से देश तथा दुनिया भर में रह रहे कश्मीरी पंडित समुदाय के लोगों की गहरी आस्था जुड़ी है। बल्कि अन्य समाज के लोग भी मां खीर भवानी के दर्शन के लिए आज सालाना मिले के अवसर पर यहां पहुंचे।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अपने प्रवासी कश्मीरी पंडित भाइयों के लिए चाय तथा जलपान आदि के स्टाल लगाए और कहा कि कश्मीरी पंडितों के बिना कश्मीर अधूरा है। उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने न केवल मंदिर में मत्था टेका बल्कि वहां की सुरक्षा आदि को लेकर भी जायजा लिया।

इस मौके पर राज्य पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात भी मौजूद थे। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सभी के लिए शांति और समृद्धि की दुआ की। उन्होंने प्रशासनिक स्तर पर वार्षिक मेले के लिए किए गए बेहतरीन प्रबंधों के लिए प्रशासन की



तारीफ की। मंदिर का पूरा माहौल भवानी माता के जयघोष से गूंजता रहा। कहा गया कि बीते सालों की अपेक्षाकृत इस बार कश्मीरी पंडित समुदाय के लोगों ने काफी बड़ी संख्या में यहां मेले में भागीदारी की और मां के चरणों में मत्था टेका।

जम्मू के नगरोटा जगती स्थित कश्मीरी पंडित समुदाय के एक प्रमुख नेता सतीश महाल्दार ने आज जयेष्ठाषमी के दिन को काफी महत्वपूर्ण तथा पवित्र बताते हुए कहा कि आज ही के दिन मां खीर भवानी मंदिर पर वार्षिक मेला लगता है और इस मौके पर जम्मू कश्मीर के अलावा शेष देश तथा विदेशों में रह रहे कश्मीरी पंडित समुदाय के लोग यहां पहुंचकर एक दूसरे से मिलते हैं और मां के चरणों में मत्था टेकते हैं। उन्होंने कहा कि आज के माहौल में यह बेहद जरूरी है कि कश्मीरी पंडित समुदाय और घाटी के मुस्लिम समुदाय फिर से एक बार इकट्ठे हों। ताकि व्यापक स्तर पर आपसी भाईचारा फिर से स्थापित हो।

मुलमुला में रहने वाले तथा कश्मीरी पंडितों को आज के मौके पर पानी पिला रहे बिलाल अहमद का कहना है कि मां की भवानी कश्मीरी का सबसे शुद्ध रूप है। मंदिर में मत्था टेकने पहुंचीं पीडीपी प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कहा कि अतीत को भूल जाओ और भविष्य की ओर देखो। कश्मीरी पंडितों के बिना कश्मीर और कश्मीर या अधूरी है।

वहीं, उदारवादी अलगाववादी नेता रहे एवं प्रमुख धर्म गुरु मीर वायज उमर फारूक ने अपने एक्स सोशल मीडिया पर कहा कि आज के दिन वह अपने कश्मीरी पंडित भाइयों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। उन्होंने आगे कहा कि उम्मीद करता हूं कि यह दिन आपसी भाईचारे, सम्मान तथा कश्मीर की साझा विरासत की भावना को फिर से जीवंत करेगा।


**MORNING GLORY LEASING AND FINANCE LIMITED**

CIN:L67120DL1984PLC018872 , Website: www.morninggloryleasing.in
Regd. Off: IRIS House 16 Business Centre, Nangal Raya, New Delhi-110046.
Email: morninggloryleasing@gmail.com, Ph: 011- 4711 9100

**NOTICE TO SHAREHOLDERS**

Notice is hereby given that pursuant to Securities and Exchange Board of India ("SEBI") circular no. HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/1/3750/2026 dated January 30, 2026 a special window has been opened for one year from February 5, 2026 to February 4, 2027. This window is setup to facilitate the transfer and dematerialisation ("demat") of physical securities that were sold or purchased prior to April 1, 2019. It also covers transfer requests that were previously submitted but rejected, returned or unattended due to incomplete documentation, process deficiencies, or other reasons. Within this period, any transferred securities must be credited to the transferee strictly in demat mode and will be subject to one year lock-in from the date of registration of the transfer. Please note that these securities cannot be transferred, lien-marked or pledged during the lock-in period, and all proper procedures will be followed for such transfer-cum demat-requests. For more details, please refer to the above mentioned SEBI circular.

Investors interested in submitting a request or taking advantage of this provision should send the necessary documents to the Registrar and Transfer Agent of Morning Glory Leasing and Finance Limited, M/s Bigshare Services Pvt. Ltd. at 302 Kushal Bazar, 32-33, Nehru Place, New Delhi -110019 Tel No.+011-42425004, email: bssdelhi@bigshareonline.com or the Company at email morninggloryleasing@gmail.com

For and on behalf of the Board of Directors of
Morning Glory Leasing and Finance Ltd
Sd/-
Raman Kumar
(Company Secretary)

Place : New Delhi
Date : June 22, 2026